RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 27 • 10:02:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-




## सावधान! शीतलहर फिर देने वाली है दस्तक

### मौसम विभाग ने बारिश का भी लगाया अनुमान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के अधिकांश इलाकों में ठंड ने अपना बोरिया-बिस्तर बांध लिया है। बारिश के साथ ही न्यूनतम तापमान में इजाफा हो रहा है। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि पूर्वी और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा अपडेट्स में कहा है कि अगले 24 घंटों के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश संभव है। वहीं, 10 फरवरी से विदर्भ, मराठवाड़ा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रह सकता है। वहीं, पूर्वी और मध्य भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है। इसके कारण लोगों को शीतलहर का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि इसके बाद न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री तक वृद्धि देखी जा सकती है। कश्मीर में बृहस्पतिवार को भी अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे रहा जिससे घाटी में हाड़ कंपा देने वाली ठंड की स्थिति बरकरार है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग स्कीइंग रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इससे बीती रात शून्य से नीचे 10.5 डिग्री था।

## मालदीव में अब सैनिकों की जगह लेगा टेक्निकल स्टाफ

- **विदेश मंत्रालय का बड़ा ऐलान, तीसरे दौर की बैठक जल्द**

**माले (एजेंसी)।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मांग की थी कि 15 मार्च तक भारत अपने सैनिकों को वापस बुला ले। अब विदेश मंत्रालय ने बताया कि मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों की जगह अब भारत का टेक्निकल स्टाफ लेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान बताया कि दोनों देशों के बीच तीसरे दौर की बातचीत जल्द की जाएगी। ऐसा माना जा रहा है कि कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी मालदीव में हैं। ये सैनिक दूरदराज के द्वीपों से मरीजों को ले जाने और समुद्र के किनारे किसी तरह की अनहोनी के दौरान लोगों के मदद के लिए तैनात हैं। बीते दिनों भारत ने मालदीव को डोर्नियर हवाई जहाज और दो हेलीकॉप्टर दिए थे। टेक्निकल स्टाफ मालदीव में इन हेलीकॉप्टरों और जहाज का रखरखाव करेंगे। पिछले साल मालदीव की सत्ता में आने के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। चीन समर्थक मुइज्जू जब से सत्ता में आए हैं तब से ही भारत और मालदीव के बीच तनाव बढ़ गया है।

### नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन

## तीन और विभूतियों का सम्मान 'भारत रत्न' देने का हुआ ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों शख्सियतों को देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान

### पीएम मोदी ने दी जानकारी, चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने लिखा-दिल जीत लिया




देने की जानकारी सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों के साथ शेयर की। चौधरी चरण सिंह देश के पांचवें और नरसिम्हा राव नौवें प्रधानमंत्री थे। वहीं कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। पीएम की घोषणा पर चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी ने लिखा- दिल जीत लिया। 2014 में सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह दसवां भारत रत्न है। इससे पहले 3 फरवरी को भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और 23 जनवरी को बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने का ऐलान किया गया। इस तरह इस साल 5 हस्तियों को यह सम्मान देने का ऐलान हो चुका है। इनके अलावा मोदी के कार्यकाल में मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है। आज की तीन हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को हासिल करने वालों में अब तक कुल 53 लोग शामिल हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा यह हमारी सरकार का सौभाग्य है।

### पाकिस्तान चुनाव

## इमरान समर्थक 79 सीटों के साथ हैं सबसे आगे

### इस्लामाबाद में धारा 144; केयरटेकर सरकार बोली- हमसे ज्यादा आतंकवाद किसी ने नहीं झेला

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद काउंटिंग जारी है। मतदान गुरुवार सुबह 8.30 बजे शुरू हुआ और शाम 5.30 बजे तक चला। चुनाव आयोग ने 18 घंटे की देरी के बाद आधिकारिक नतीजे घोषित करना शुरू कर दिए हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। बाकी सीटें रिजर्व हैं। पाकिस्तान में मुख्य रूप से 3 पार्टियों के बीच मुकाबला है। इनमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ, और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी शामिल हैं।




गौहर ने कहा- अवाम को नहीं पता है कि इस वक्त मुल्क और हमारी खुफिया एजेंसी किन खतरों से निपट रहे हैं। आम नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अगर एक भी घटना होती है, तो हजारों जान चली जाती हैं। इससे बचने के लिए हम 12 घंटे की परेशानी झेल सकते हैं। चुनाव आयोग, पुलिस और सुरक्षाकर्मी अपना काम कर रहे हैं। बलूचिस्तान में नेशनल असेंबली की 16 सीटें हैं। यहां 8 फरवरी को हुई वोटिंग के दौरान कई धमाके हुए थे। 2 बच्चों की मौत हुई थी। इमरान की पीटीआई 79 सीटों पर आगे है।

## हम पर हमला होगा तो हम जान से मार देंगे

### बरेली में मौलाना तौकीर रजा का भड़काऊ बयान और मच गया बवाल

**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में मौलाना तौकीर रजा ने जेल भरो आंदोलन शुरू कर दिया है। हल्द्वानी हिंसा और ज्ञानवापी पर कोर्ट के फैसले के खिलाफ रजा ने विरोध का ऐलान किया था। इसके बाद उनके समर्थन में तमाम लोग सड़कों पर आ गए। इस दौरान रजा के विवादित बयान से माहौल और अशांत हो गया है। जुमे की नमाज के बाद रजा के समर्थन में तमाम लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इसे लेकर प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। बरेली और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। तौकीर रजा समेत 20 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। दरअसल, बनभूलपुरा के इंदिरा नगर क्षेत्र में मलिक के बगीचे में बने अवैध मदरसे और नमाज स्थल को नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मैजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मलिक के बगीचे के आसपास रहने वाले तमाम कथित अराजक तत्वों ने पुलिस और प्रशासन के ऊपर पथराव कर दिया जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस दौरान वहां मौजूद कई पत्रकारों को भी चोटें आयीं। अराजक तत्वों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फिर हल्का बल प्रयोग किया। हल्द्वानी की घटना के बाद इत्तेहाद-ए-



मिल्लत काउंसिल यानी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि हमें अपने देश से प्यार है इसलिए हमने अब तक चुप्पी साधे रखी थी। हमारी चुप्पी को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। अब पानी सिर से ऊपर हो गया है। लोकतंत्र में अगर हमारी बात नहीं सुनी जाएगी तो ऐसी आजादी हमें नहीं चाहिए।

## अमिताभ बच्चन ने रामलला के किए दर्शन

### 20 दिन बाद फिर पहुंचे अयोध्या, 30 मिनट मंदिर में रहे; अपनी जमीन देखने जा सकते हैं



**अयोध्या (एजेंसी)।** फिल्म स्टार अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने रामलला के दर्शन किए। बिग-बी के आने के चलते मंदिर में कड़ी सुरक्षा की गई। 19 दिन पहले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक के साथ शामिल हुए थे। अमिताभ यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हैं। वे दोपहर बाद यहां एक प्रतिष्ठान का इनॉगरेशन करेंगे। अमिताभ बच्चन 9.35 बजे चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह सीधे करीब 10 बजे रामलला के दरबार पहुंचे। अमिताभ ने करीब 30 मिनट तक रामलला के दरबार में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह मंदिर से बाहर आए और सर्किट हाउस पहुंचे। 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ पहुंचे थे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम मोदी ने भाषण दिया। इसके बाद मंदिर परिसर में अमिताभ बच्चन का हाल जाना। वहीं, बिग बी ने भी पीएम का अभिनंदन किया। यहां समारोह के बाद उन्होंने रामलला के दर्शन किए।

**हल्द्वानी हिंसा**

## वर्दी की जगह सलवार-सूट, बूट की जगह पहनीं चप्पलें

### स्थानीय महिलाओं की मदद से बच पाईं महिला पुलिसकर्मी

**देहरादून (एजेंसी)।** हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने गए पुलिसवालों पर जब अचानक पत्थरों की बरसात हुई तो उनमें से कुछ महिला पुलिसकर्मी गलियों में फंस गईं। वे अपने ऊपर बरसते पत्थरों के बीच किसी तरह अपना बचाव करती रहीं। जब पत्थरों की बौछार तेज हुई तो फोर्स तितर-बितर गई। ऐसे में वहां फंसी रह गईं चार महिला पुलिसकर्मियों को स्थानीय महिलाओं ने अपने घर में जगह दी। तब जाकर उनकी जान बच पाई। इसके बाद रात के अंधेरे में जब पुलिस फोर्स यहां पहुंची तो महिला पुलिसकर्मियों ने अपनी वर्दी की जगह स्थानीय महिलाओं के सूट-सलवार पहने और घर से निकलकर अपने साथियों तक पहुंचीं। बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन की टीम के साथ कुछ महिला पुलिसकर्मी भी थीं। यहां प्रशासन का विरोध कर रही महिलाओं को रोकने के लिए महिला पुलिसकर्मी जब आगे बढ़ीं तो उपद्रवियों ने पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। इसमें कई महिला पुलिस



कर्मियों को गहरी चोटें आईं। विरोध कर रहे लोगों को काबू करने में 4 महिला पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस के करीब 30 जवान इन गलियों में फंस गए। महिला पुलिसकर्मियों को परेशान होता देख स्थानीय लोगों ने उन्हें अपने घर में



आने को कहा। इस दौरान पत्थरबाजों ने क्षेत्र में फंसे पुलिसकर्मियों की तलाश शुरू की। उन्होंने उन घरों के दरवाजों पर भी पथराव किया जहां इन्होंने पनाह ले रखी थी। महिला पुलिस कर्मियों की जान बचाने के लिए स्थानीय महिलाओं ने उन्हें वेश बदलवाकर अपने घरों में छुपाए रखा। स्थानीय महिलाओं ने महिला पुलिसकर्मियों को अपने सूट सलवार पहनने के लिए दिए। उनके बूट निकलवाकर स्थानीय महिलाओं ने अपनी चप्पल भी पहनाई और घर की अन्य महिलाओं जैसा वेश बनाकर घर में रखा। हिंसा भड़कने पर एक घर में तीन और एक घर में एक महिला पुलिसकर्मी को छुपाए रखा गया। कर्फ्यू लगने के बाद अपने जवानों को खोजते हुए पहुंची पुलिस टीम को देखकर उन परिवारों ने इन महिला पुलिस कर्मियों को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। पथराव के दौरान इनमें से एक परिवार को भी उपद्रवियों ने अपना निशाना बनाया। वजह यह थी कि परिवार ने पथराव में फंसी एक महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी को अपने घर में जगह दी थी।

## महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ एसजीपीसी का प्रदर्शन

### प्रधान धामी भी पहुंचे, बाजार बंद; बोर्ड प्रस्ताव के खिलाफ निकाला जा रहा रोष मार्च



**अमृतसर (एजेंसी)।** तख्त सचखंड श्री हजूर अबचलनगर साहिब नांदेड़ संशोधन एक्ट के खिलाफ संगत और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ डट गई है। नांदेड़ गुरुद्वारे से रोष मार्च नांदेड़ डीसी कार्यालय के लिए रवाना हो गया है। रोष प्रदर्शन में भाग लेने के लिए एसजीपीसी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी भी नांदेड़ पहुंचे हैं। एसजीपीसी प्रधान एडवोकेट धामी के नेतृत्व में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और शिरोमणि अकाली दल का एक प्रतिनिधिमंडल नांदेड़ पहुंच गया है। श्री अकाल तख्त साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह के स्थान पर श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी सुलतान सिंह भी नांदेड़ पहुंचे हैं। नांदेड़ सिख गुरुद्वारा सचखंड श्री हजूर अबचलनगर साहिब अधिनियम में संशोधन करने के महाराष्ट्र सरकार के हालिया कैबिनेट फैसले के खिलाफ ये रोष मार्च संगत द्वारा आयोजित किया गया है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में एसजीपीसी महासचिव राजिंदर सिंह मेहता, एसजीपीसी सदस्य अजमेर सिंह खेड़ा, शिरोमणि अकाली दल के प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा और एसजीपीसी अध्यक्ष के ओएसडी सतबीर सिंह धामी शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार ने तख्त श्री हजूर साहिब प्रबंधक बोर्ड नांदेड अधिनियम में संशोधन किया है। इसमें मनोनीत सदस्यों की संख्या को बढ़ा दिया गया है। वहीं, प्रबंधकीय बोर्ड में एसजीपीसी के चार सदस्यों से संख्या घटाकर दो कर दी गई है। मौजूदा बोर्ड में कुल सदस्यों की संख्या 17 होगी। इनमें 12 सदस्य सरकार मनोनीत करेगी। वहीं, दो सदस्य एसजीपीसी से मनोनीत होंगे। अन्य तीन सदस्यों का चयन चुनाव प्रक्रिया से होगा। पहले सरकार से मनोनीत होने वाले सदस्यों की संख्या सात थी। इसके साथ ही सिख संस्था चीफ खालसा दीवान से सदस्य मनोनीत करने का अधिकार भी ले लिया गया है।

तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ गुरुद्वारा मैनेजमेंट बोर्ड में सिख संगठनों के सदस्यों की संख्या कम करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले पर एसजीपीसी ने ऐतराज जताया है। एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार की यह कार्रवाई बहुत दुखद और निंदनीय है। महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट ने तख्त श्री हजूर साहिब प्रबंधक बोर्ड अधिनियम में संशोधन सिख गुरुद्वारों की व्यवस्था में सीधा हस्ताक्षेप है।

## भाजपा के साथ आने पर किस मुंह से इनकार करूं

### दादा को भारत रत्न मिलने के बाद बोले जयंत चौधरी

**मेरठ (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के ऐलान के बाद उनके पोते और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने एनडीए में जाने की बात कही। एनडीए में जाने के सवाल पर कहा- जयंत ने



कहा कि मुझे इतना वजन न दें। चुनाव हारे हों या जीते हों। गठबंधन में जा रहा हूं, कितनी सीटें मिल रही हैं। ये कोई मसला ही नहीं हैं। मैं किस मुंह से इनकार करूं। क्या अब कोई कसर बाकी है। मोदी जी ने दिल जीत लिया। ये बहुत बड़ा दिन है। मेरे लिए भावुक और यादगार पल है। मैं राष्ट्रपति और खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। भारत रत्न की घोषणा से बहुत बड़ा संदेश पूरे देश में गया है। देश की भावनाएं सरकार के इस फैसले से जुड़ी हैं। मोदी जी ने साबित किया है कि वे देश की मूल भावना को समझते हैं। जो आज तक पूर्व की सरकार नहीं कर पाई, वे फैसला नरेंद्र मोदी ने लिया है। क्या बीजेपी के साथ गठबंधन तय है। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत रत्न के इस फैसले को गठबंधन से न जोड़ें।

**संक्षिप्त समाचार**

### कहलगांव- नौवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगा दी जान

**भागलपुर/कहलगांव , एजेंसी।** अंतीचक थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में गुरुवार की देर शाम नौवीं कक्षा की छात्रा ने छत की कुंडी से गले में दुपट्टा का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक छात्रा की पहचान स्व. नरेश सिंह की 14 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी के रूप में हुई। सूचना पर अंतीचक थाना की पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जीवु यादव ने बताया कि रानी कुमारी तीन बहन में मझली थी। मृतका की माता के अनुसार स्कूल से पढ़कर आने के बाद रानी ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 5-30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर से भाग रहे प्रेमी–प्रेमिका धराये, मंदिर में रचाई शादी

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** प्रेमी-प्रेमिका ने एक दूजे को होने का निर्णय ले घर से भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है।बुधवार की रात गस्ती पुलिस की नजर जब एकांत में बैठे प्रेमी प्रेमिका पर पड़ा तो शक के आधार पर दोनों को थाना ले आया। थाना में पुछताछ के दौरान दोनों के घर का पता उपलब्ध कर दोनों के परिवार वालों को सुचना दी गई। परिवार वाले दोनों पक्ष से आए।थाना द्वारा आवस्यक प्रकृया पुरी किए जाने के बाद थाना प्रेमी प्रेमिका को परिजन के साथ जाने का इजाजत दे दी। लेकिन प्रेमी प्रेमिका शादी के जिद पर अड़ गए।अंत में दोनों के पिता परिजन ने खुशी खुशी दोनों की शादी गुरुवार की देर शाम थाना के समीप लक्ष्मी नारायण ठाकुरवाड़ी में करा के दोनों युगल जोड़ी को साथ ले गए। लड़का परबत्ता थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। जबकि लड़की खरीक थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले है। प्रेमी युवक ने बताया कि हमलोग भाग कर बाहर जाकर अपना घर बसाने के इरादे से निकला था। दोनों अपने अपने घर से भाग कर सुल्तानगंज स्टेशन पर मिलने का बात तय किया था।पहले प्रेमिका घर से निकली बाद में हम निकले दोनों स्टेशन सुल्तानगंज में मिले। यहां से ट्रेन पकड़ कर बाहर जाने का इरादा था।थानाध्यक्ष ने कहा कि लड़का लड़की को शक के आधार पर पकड़ा गया था। दोनों के अभिभावक सूचना पर पहुंचे। लड़का लड़की दोनों बालिक है। दोनों को दोनो के अभिभावक को सुपूर्द कर दिए।

### केस डायरी को लेकर कोर्ट ने एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** पांच साल पूर्व बिहार स्टेट शिया वक्फ के प्रशासनिक पदाधिकारी सैयद आरिफ रजा के साथ हुई मारपीट व लूटपाट के नौ आरोपितों की ओर से दायर अग्रिम जमानत की अर्जी पर जिला जज मनोज कुमार सिंह के कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। अहियापुर थाने में दर्ज इस केस के आईओ की ओर से केस डायरी नहीं भेजने पर कोर्ट ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए एसएसपी से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शरद सिन्हा ने बताया कि कोर्ट ने एसएसपी से पूछा है कि डायरी मांगने के बाद भी आईओ ने इसे कोर्ट में जमा नहीं किया है। ऐसे में आपने आईओ पर क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। इस लापरवाही पर आईओ पर क्यों न एफआईआर दर्ज कराई जाए। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।


### पचगछिया में दुकानदारों को सुरक्षा दी जायेगी- एसपी

**भागलपुर/नवगछिया , एजेंसी।** एसपी पूरण कुमार झा ने कहा कि पचगछिया बाजार स्थित मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को पूरी सुरक्षा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों को निर्भीक होकर खोलें और व्यवसाय करें। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा। लतरा के शातिर अपराधी राहुल यादव को हर हाल में गिरफ्तार किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपराधियों के बारे में सूचना देकर सहयोग करें। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

# बिजली खपत मामले में बिहार की लंबी छलांग

## 190 लाख उपभोक्ता के साथ बिहार देश में दूसरे पायदान पर

**पटना , एजेंसी।** बिजली के मामले बिहार लगातार नया कीर्तमान स्थापित कर रहा है.राज्य में बिजली निकासी (संचरण) क्षमता खपत से लगभग दोगुनी हो गयी है. बिहार में अभी अधिकतम 7576 मेगावाट बिजली आपूर्ति हुई है. पिछले साल तक कंपनी ने राज्य में बिजली निकासी की क्षमता 14 हजार 24 मेगावाट तक विकसित कर ली है. यानी राज्य में इतनी बिजली आपूर्ति की जा सकती है. वर्ष 2012 में राज्य में बिजली निकासी की क्षमता मात्र दो हजार मेगावाट की थी.पिछले 11 वर्षों में कंपनी ने संचरण क्षमता में सात गुना की वृद्धि की है.




### 38 लाख से बढ़कर आंकड़ा पहुंचा 190 लाख

11 वर्ष पहले राज्य में जहां 38 लाख बिजली उपभोक्ता थे, जो अब बढ़कर एक करोड़ 90 लाख हो गयी है. हर घर बिजली योजना के कारण तेजी से बढ़ने वाले घरेलू उपभोक्ता के मामले में बिहार देश में दूसरे पायदान पर आ गया. उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के कारण हर साल राज्य में बिजली की मांग में वृद्धि हो रही है.एक आकलन के अनुसार हर साल लगभग 600 मेगावाट बिजली खपत बढ़ रही है. पिछले साल अक्टूबर में आये रिपोर्ट के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के मामले में बिहार देश में तीसरे पायदान पर था. पहले पायदान पर असम और दूसरे पायदान पर झारखंड था. केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में लगभग 90 फीसदी घरेलू उपभोक्ता हैं. बिहार में उत्तर बिहार (नॉर्थबिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) में 92.1 फीसदी तो दक्षिण बिहार (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) के पास 86.8 फीसदी घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं.

### औद्योगिक कनेक्शन दक्षिण बिहार में अधिक

घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़ दें तो उत्तर बिहार में शहरी उपभोक्ता मात्र 16 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 29 फीसदी हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में उत्तर बिहार में 84 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 71 फीसदी उपभोक्ता हैं. गैर घरेलू बिजली उपभोक्ताओं में उत्तर बिहार में छह फीसदी तो दक्षिण बिहार में 7.7 फीसदी हैं. औद्योगिक कनेक्शन में उत्तर बिहार में 0.6 फीसदी तो दक्षिण बिहार में एक फीसदी उपभोक्ता रहा हैं.

### कृषि कनेक्शन में उत्तर बिहार पीछे

कृषि कनेक्शन में उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिण बिहार आगे है. उत्तर बिहार में मात्र 1.1 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 4.4 फीसदी कृषि कनेक्शन है, जबकि अन्य श्रेणी में उत्तर बिहार में 0.2 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 0.4 फीसदी कनेक्शन हैं. रिपोर्ट के अनुसार बिहार में हर साल औसतन छह लाख बिजली उपभोक्ताओं की संख्या मेंवृद्धि होने का अनुमान है. बिहार में मार्च 2025 तक यह संख्या लगभग दो करोड़ पहुंचने की उम्मीद है.

### कोरोना में बढ़ गई थी बिजली खपत

घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की अधिक संख्या के कारण बिहार में कोरोना काल में बिजली की खपत बढ़ गई थी. देश के अन्य राज्यों में औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं की संख्या अच्छी खासी है, जबकि बिहार में 90 फीसदी उपभोक्ता घरेलू श्रेणी के हैं. इस कारण कोरोना में जब लॉकडाउन हुआ था कल-कारखाने बंद हो गए. देश के अन्य राज्यों में जहां बिजली की खपत कम हो गई थी वही बिहार में यह खपत बढ़ गई. लोगों ने घरों में बैठकर इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का खूब इस्तेमाल किया. इस कारण बिहार देश के चंद राज्यों में शुमार था जहां कोरोना काल में बिजली खपत बढ़ गई थी.

### चार साल में 11 फीसदी कम हुआ नुकसान

बिजली कंपनी ने चार साल में अपना नुकसान 11 फीसदी कम कर लिया है. वित्तीय वर्ष 2020 में कंपनी का तकनीकी व व्यावसायिक (एटीएंडसी) नुकसान 35 फीसदी था। वर्ष 21 में यह घटकर 32 फीसदी हो गया. वहीं, वर्ष 22 में 29 फीसदी तो वर्ष 23 में घटकर 24 फीसदी पर नुकसान आ चुका है. इन्हीं कार्यों के कारण 2022 में जहां एसबीपीडीसीएल को डी श्रेणी में रखा गया था तो 2023 में यह बी प्लस श्रेणी में आ गया.जबकि इसी अवधि में एनबीपीडीसीएल सी प्लस से बी श्रेणी में आ गया. नुकसान कम करने का व्यावसायिक लाभ कंपनी को हुआ. पहली बार बिजली कंपनी 215 करोड़ के लाभ में आई है.

## लूट की दो पिकअप और कार के साथ 7 गिरफ्तार, 1.300 किलो चरस बरामद



**मोतिहारी , एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस को ने कार चोरी और लूट गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में लूट कांड में शामिल सात अपराधियों को लूट के वाहन और मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद सभी को जेल न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की तुरकौलिया थाना क्षेत्र में कुछ बदमाश लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। जिसके बाद तुरकौलिया और सुगौली थानाध्यक्ष ने आदेशानुसार अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की।

### लंबे समय से थी अपराधियों की तलाश

इसी जांच के दौरान तुरकौलिया थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर, चौर के पास पांच अपराधियों को मादक पदार्थ (चरस), सहित लूटे हुए पिकअप के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी से पूछताछ करने पर अपराधियों की निशानदेही से दूसरा लूटा हुआ पिकअप और चोरी की कार के साथ हरसिद्धि थाना क्षेत्र से दो और अपराधी को गिरफ्तार किया गया। वही उन्होंने बताया कि सभी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से छापेमारी की जा रही था। पकड़े गए लुटेरा गिरोह के सदस्यों की पहचान सुगौली थाना क्षेत्र के गुलमहम्मद, शिवम, हरसिद्धि थाना क्षेत्र के बृहबिहारी, देवेंद्र, रामदेव, राधेश्याम यादव, बेतिया के मझौलिया थाना क्षेत्र के दिलीप सहनी आदि के रूप में हुई है। वही लूटी गई दो पिकअप, एक बोलेरों और एक किलो तीन सौ ग्राम चरस बरामद बरामद हुआ है।

## बेटा गिरफ्तार हो गया है, छुड़ाना चाहते हो, गूगल पे पर पेमेंट करो, साइबरी ठगी का नया हथकंडा



**पटना , एजेंसी।** साइबर ठग लोगों से फ्रॉड करने के नए-नए तरीके ढूंढ रहे हैं। अब लोगों को डरा-धमका कर पैसे ऐंठ रहे हैं।'बेटा गिरफ्तार हो गया है, पैसा दें तब छूटेगा' कह कर साइबर अपराधी लोगों को चूना लगा रहे हैं। पटना में अब तक आधा दर्जन ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इस तरीके से हुई घटनाओं को लेकर एफआईआर भी दर्ज की गई है, जबकि कई बार साइबर अपराधी ठगी करने में सफल नहीं हो सके। दरअसल, ठग लोगों को कॉल कर यह कहते हैं कि उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। जालसाज किसी थाने का नाम भी लेते हैं ताकि लोग उनके झांसे में आ जाएं। बाद में उन्हें गूगल पे का नंबर देकर साइबर ठग रुपये की मांग करते हैं। महेन्द्रू के रहने वाले एक व्यवसायी को साइबर ठगों ने बुधवार की सुबह कॉल किया। उन्हें फोन कर ठगों ने कहा कि उनके बेटे को कोतवाली थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। व्यवसायी घबरा गये। साइबर ठगों ने उनके बेटे का नाम भी लिया था। जब उन्होंने अपने बेटे को कॉल किया तो उससे संपर्क नहीं हो सका। इसी बीच साइबर ठगों ने एक गूगल नंबर पर रुपये देने की बात कही। रुपये देने पर ही व्यवसायी के बेटे को छोड़ने की बात कही गई। अभी यह सब कुछ चल ही रहा था कि तब तक व्यवसायी के बेटे से उनका संपर्क हो गया। इसके बाद पूरे परिवार को पता चला कि उनके साथ ठगी की कोशिश की गई थी। व्यवसायी के बेटे ने बताया कि वह कोचिंग में पढ़ाई कर रहा था इस कारण कॉल नहीं रीसिव कर सका। नए तरीके से हो रही ठगी की इस घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। आखिर साइबर ठगों को पिता-पुत्र के नाम व मोबाइल नंबर की जानकारी कैसे मिल रही है? वे पिता को कॉल कर सीधे बेटे का नाम लेकर ठगी की कोशिश करते हैं। शक है कि साइबर ठगों के हाथ कुछ कागजात लग जाते हैं जिसके जरिये उन्हें पिता-पुत्र के बारे में पूरी जानकारी मिल जाती है। डीआईजी सह पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने लोगों से अपील की। कि वे इस तरीके के झांसे में न आएं। ऐसी बात होने या कॉल आने पर लोग अपने स्थानीय थाने की पुलिस को खबर दे सकते हैं। साइबर ठगों के गिरोह को लेकर पटना पुलिस जांच कर रही है। तकनीक का इस्तेमाल कर साइबर ठगों का पता लगाया जा रहा है। जिसे आप नहीं जान रहे हैं, उनकी बातों पर बिल्कुल भरोसा न करें।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में लालकृष्ण आडवाणी से की मुलाकात, भारत रत्न मिलने पर दी बधाई

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की। सीएम नीतीश ने आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी और उनका हालचाल जाना। नीतीश कुमार दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। गुरुवार सुबह वे आडवाणी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। कुछ देर तक वे वहां रुके। उनका शाम में पटना लौटने का कार्यक्रम है। एक दिन पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद नीतीश कुमार बुधवार को पहली बार दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने शाम में पीएम मोदी और बीजेपी के शीर्ष नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात की। इसके बाद वे गुरुवार सुबह लालकृष्ण आडवाणी से पृथ्वीराज रोड स्थित उनके आवास पर मिले। आडवाणी को केंद्र सरकार ने हाल ही में देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की थी। नीतीश ने उसी दिन आडवाणी को फोन कर बधाई भी दी। सीएम नीतीश का गुरुवार शाम में दिल्ली से पटना लौटने का कार्यक्रम है। बिहार में एनडीए सरकार के गठन के बाद उनका दिल्ली दौरा अहम माना जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेताओं से मुलाकात को उन्होंने शिष्टाचार बताया। मगर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उनकी बीजेपी नेताओं से चर्चा हुई, ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। बता दें कि 12 फरवरी से बिहार विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है। पहले दिन नीतीश सरकार सदन में बहुमत भी पेश करेगी। साथ ही राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार होना अभी बाकी है। पिछले महीने महागठबंधन का साथ छोड़कर नीतीश कुमार ने 9वीं बार सीएम पद की शपथ ली थी। बीजेपी से सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा डिप्टी सीएम बनाए गए। नीतीश के साथ सम्राट और विजय समेत 8 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की। अब बीजेपी और जेडीयू से और भी मंत्री बनाए जाएंगे।






## लैंड फॉर जॉब केस- राबड़ी-मीसा-हेमा को अंतरिम जमानत, 28 को अगली सुनवाई

**पटना , एजेंसी।** लैंड फॉर जॉब केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, अमित कात्याल और हृदयानंद चौधरी को कोर्ट ने एक लाख के बेल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत दी है। अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। वहीं ईडी ने कोर्ट से आरोपियों द्वारा दायर नियमित जमानत याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इससे पहले राबड़ी, मीसा और हेमा यादव तीनों एक ही गाड़ी से दिल्ली स्थिति मीसा भारती के घर से कोर्ट के लिए रवाना हुए थे।

इससे पहले नौकरी के बदले जमीन मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और बेटे तेजस्वी यादव ने ईडी मैराथन पूछताछ कर चुकी है। 29 जनवरी को ईडी की विशेष टीम ने पटना के गांधी मैदान इलाके में मौजूद जोनल कार्यालय में लालू यादव से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। लालू प्रसाद से पूछा गया कि कितने लोगों से जमीन लेकर रेलवे में किन पदों पर कहां-कहां नौकरी दी गई है। ईडी उनके खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर 4751 पन्नों की चार्जशीट के अलावा हृदयानंद चौधरी के स्वीकृति बयान को भी साथ लेकर आई थी। जिसे दिखाकर भी सवाल पूछे गए। और फिर 30 जनवरी को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से भी ईडी ने करीब साढ़े आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी ने तेजस्वी से 65 से ज्यादा सवाल पूछे। इनमें उनके नाम से दिल्ली एवं पटना में मौजूद संपत्ति से लेकर उनके निदेशक मंडल वाली निजी कंपनी में निवेश से जुड़े सवाल शामिल थे। अधिकतर सवालों पर तेजस्वी ने अनभिज्ञता जाहिर की थी। आपको बता दें, नौकरी के बदले जमीन मामले में यादव परिवार के एक कथित करीबी सहयोगी 49 साल के कात्याल, रेलवे कर्मचारी व कथित लाभार्थी ह्दयानंद चौधरी, दो फर्म ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड व एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं निदेशक शारिकुल को आरोपपत्र में आरोपी बनाया गया है।

# दरभंगा में पिता-दादा, चाचा-मामा ने मिलकर की बेटी की हत्या



**दरभंगा , एजेंसी।** दरभंगा में एक परिवार ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। हत्या अफेयर को लेकर की गई। पहले गला दबाया, फिर घर में टुकड़े-टुकड़े कर दिए। इसके बाद घर से 100 मीटर दूर ले जाकर पुआल में डाला और आग लगा दी। फिर पुलिस थाने पहुंचकर आवेदन दिया कि बेटी की अपराधियों ने हत्या करके शव जला दिया है। पुलिस ने जांच शुरू की। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। घटना कामतोल थाना क्षेत्र के मगरथू गांव की है। लड़की का नाम कंचन( 15 ) है। वह नौवीं में पढ़ती थी। किसी लड़के से अफेयर चल रहा था। सिटी एसपी सुभम आर्या के मुताबिक, अफेयर की बात उसके पिता को पता चल गया। परिजनों ने उसे काफी समझाया, लेकिन वो नहीं मानी। दो फरवरी को पिता, दादा, चाचा और मामा ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर घर में ही उसके शव को टुकड़े कर दिए। मां को इस बारे में पता नहीं था। 3 फरवरी को घर से 100 मीटर की दूरी पुआल के ढेर में टुकड़ों को फेंक कर जला दिया। इस मामले में दादा महेशी दास, पिता श्याम दास और चाचा शत्रुघ्न दास गिरफ्तार किया गया है। मामा सोहारत दास और ओजित दास की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

### मां घर पर थी, पर पता नहीं चला

जब नाबालिग छात्रा की हत्या की गई तो घर में उसकी मां भी मौजूद थी। पर उसे इन सब चीजों से दूर रखा गया था। मां को पता नहीं था कि उसकी बेटी की हत्या उसके अपने ही कर रहे हैं। जहां शव जलाया गया, वहां से कंचन की चांदी की चेन और पायल मिला। घटना के खुलासे के बाद आरोपी के घर से हत्या में इस्तेमाल हथियार, कुल्हाड़ी, लोहे का सरिया, जमीन पर गिरा खून, पिता का खून से सना कपड़ा और मृतका का दांत बरामद किया गया है।

### 4 फरवरी को शरीर के अंग पुआल के ढेर में मिले

4 फरवरी को शरीर के अंग पुआल के ढेर में मिले। इसके बाद मृतका के आरोपी पिता श्याम दास ने आवेदन दिया। इसमें अज्ञात अपराधियों पर लड़की को गायब कर हत्या का आरोप लगाया। आवेदन पर कमतोल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। आवेदन मिलने पर एसएसपी के आदेश पर सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एफएसएल और तकनीकी शाखा की मदद से घटना की जांच की गई। जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।

### सप्तक्रांति एक्सप्रेस की चपेट में आने से मोर की मौत, सलामी देकर किया गया अंतिम संस्कार

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी ।**आनंद विहार से मुजफ्फरपुर आ रही सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के इंजन में राष्ट्रीय पक्षी मोर के फंसने से उसकी मौत हो गई ।राष्ट्रीय पक्षी की मौत के बाद रेल पुलिस ने उसे इंजन से निकाला । इसके बाद राष्ट्रीय सम्मान के साथ मोर को सलामी दी गई ।राष्ट्रीय सम्मान के साथ राष्ट्रीय पक्षी मोर को वीटीआर प्रशासन को अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द किया गया ।आरपीएफ प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उड़ने के दौरान मोर असंतुलित होकर इंजन में फंस गया होगा ।इससे उसकी मौत हो गई ।इधर, इंजन में खराबी होने से वाल्मीकिनगर रोड स्टेशन पर यात्रियों को तीन घंटे इंतजार करना पड़ा ।सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के इंजन में गुरुवार सुबह करीब 7-30 बजे एक मोर घुस गया ।मोर के घुसने से इंजन में शॉर्ट सर्किट हो गया ।

# गुजरात में फंदे से लटका मिला पताही के युवक का शव, कोहराम

## परसौनी गांव का निवासी था मृतक अमित कुमार

- परिजनों ने युवक के आत्महत्या से किया इंकार
- निष्पक्ष जांच की परिजनों ने की मांग

चाणक्य भूमि। पताही

थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौनी गांव निवासी हरिशंकर सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अमित कुमार का शव फंदे से लटका पाया गया। बापूधाम (गुजरात) स्थित एक आवासीय रूम से पुलिस ने अमित का शव बरामद किया। वह गांव के एक युवक के साथ मजदूरी करने गुजरात गया था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गया। मिली जानकारी के अनुसार अमित गांव के ही एक व्यक्ति के साथ गुजरात के बापूधाम शहर में पाइपलाइन की ठेकेदारी कर रहे अरेराज निवासी रतन सिंह के पास मजदूरी का कार्य कर रहा था। जिसका शव रूम से ही गले में फंदा लगाकर लटका मिला। मृतक





के परिजनों ने आरोप लगाया है कि तस्वीर में जिस तरह गले में फंदा लगाकर शव लटका हुआ है। इस तरह से कोई आत्महत्या नहीं कर सकता। युवक का घुटना जमीन में सटा है। इससे स्पष्ट होता है कि किसी ने मेरे पुत्र को हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नीयत से गले में फंदा लगाकर लटका दिया गया है।

**तीन भाइयों में सबसे छोटा था मृतक**- मृतक तीन भाई में सबसे छोटा था। मृतक ने दो दिन पूर्व अपने घर पर अपने परिजनों से बातचीत की थी। इस दौरान उसने कुछ भी ऐसी बात नहीं कही और बातचीत से भी ऐसा नहीं लगा कि वह किसी टेंशन में है। परिजनों ने बताया कि अगर वहां के प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच करें तो पता चल पाएगा, कि युवक की हत्या हुई है या आत्महत्या से जुड़ा मामला है।

**गांव में पसरा मातमी सन्नाटा**- घटना के बाद पूर्व मुखिया सह पूर्व विधायक प्रत्याशी ई. संजय कुमार सिंह ने पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और आत्महत्या के संबंध में जानकारी ली। वहीं गुजरात पुलिस से निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने के लिए वहां की सरकार से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा मुहैया कराने की मांग की। इधर, अमित की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहरा मच गया। अमित के मां, बहन और पिता का रो-रो कर बुरा हाल एम है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

## साढ़े सात लाख की लागत से बने कचरा भवन का हुआ उद्घाटन किया

### हरी झंडी दिखाकर कचड़ा गाड़ी को रवाना किया गया



चाणक्य भूमि। बेतिया

लौरिया प्रखंड क्षेत्र में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत गोबरौरा पंचायत के मटियरिया पुल के नीचे शुक्रवार को साढ़े सात लाख रुपया के लागत से बने कचरा अपशिष्ट भवन का उद्घाटन वरीय उप समाहर्ता एस प्रतीक,प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी, पंचायत के मुखिया संजय पाठक ने संयुक्तरूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं कचरा भवन में बनाए गए विभिन्न वार्डों जैसे जैविक अपशिष्ट, अजैविक अपशिष्ट, कचरा, मेटल अपशिष्ट के बारे में जानकारी विस्तार रूप से प्रखंड समन्वयक पूनम कुमारी ने दिया। इसके बाद गोबरौरा पंचायत के मटियरिया में आयोजित कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता एस प्रतीक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबों के घरों में दो डस्टपिन युक्त बाल्टी दिया जाएगा। आप सब एक बाल्टी में सूखा और दूसरे में गीला कचरा जमा कर रखेंगे। आपके घरों में प्रतिदिन पंचायत द्वारा नियुक्त व्यक्ति ठेला लेकर आएगा और उसे ले जाएगा। आप उन्हें एक माह में 30 रुपया देकर उनसे रशीद जरूर ले लेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव को स्वच्छ रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इधर प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी ने भी कहा कि गोबरौरा का कचरा प्रोसेसिंग प्लांट एक मॉडल के रूप में बना है। इसे अन्य जनप्रतिनिधि भी देखकर इसे बनवाएं। सरकार बहुत सारी सुविधाएं दे रही है। इस कचरा प्रोसेसिंग प्लांट में खाद का भी निर्माण किया जाएगा और किसानों को अब खाद के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। पंचायत के मुखिया संजय पाठक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अपने पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का लेखा जोखा दिया।

## पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से लेना होगा लाइसेंस

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



चाणक्य भूमि। पताही

थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक हुई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर कैलाश कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सम्राट जीत ने संयुक्त रूप से की। इंस्पेक्टर कैलाश कुमार ने कहा कि सभी पूजा-पंडाल का लाइसेंस अनिवार्य रूप से लेना होगा। वहीं दूसरी तरफ पूजा पंडालों में डीजे बजाना प्रतिबंधित रहेगा। डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव पर प्राथमिकी की कार्रवाई की जाएगी। सभी पूजा पंडालों का बारी-बारी से औचक निरीक्षण किया जाएगा और सामाजिक तत्वों के रोकथाम के लिए लगातार पुलिस ग्रस्त लगाते रहेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री जीत ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में अग्नि निरोध उपकरण लगाना अनिवार्य है। मौके पर अभिषेक कुमार, ललन सहनी, लखिन्द महतो, मनोज झा आदि उपस्थित थे।

## दिल्ली से बदमाश चंदन राम व उसका शागिर्द धराया

चाणक्य भूमि। मोतिहारी

दिल्ली पुलिस ने बदमाश चंदन राम व उसके एक शार्गिद को गिरफ्तार किया है। चंदन राम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। उस पर हत्या समेत कई मामलों का मुकदमा दर्ज है। बताया जाता है कि मोतिहारी शहर में एक हत्या मामले में फरार चल रहा था। उसके दिल्ली में होने की सूचना पर स्पेशल सेल की टीम ने धर दबोचा। बताया गया है कि वह दिल्ली से ही फोन कर लोगों से अवैध वसूली कर रहा था। बिहार पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते बताया कि दोनों अपराधियों को पूछताछ और रिमांड पर लेने के लिए मोतिहारी पुलिस की एक टीम दिल्ली रवाना हो गई है।

## विद्यालयों पर थाली लेने के लिए बनाया जा रहा दबाव

### आपूर्ति की जा रही थाली का स्तर है काफी निम्न

### अधिकांश विद्यालयों ने लेने से कर दिया इनकार

चाणक्य भूमि। सुगौली

प्रखंड अंतर्गत विद्यालयों में नामांकित प्रति छात्रों के हिसाब से मध्याह्न भोजन की थाली लेने को को लेकर दबाव बनाया जा रहा। हालांकि, जिस थाली में भोजन परोसी जा रही, उसका स्तर काफी निम्न है। नगर के प्राथमिक विद्यालय अमीर खां टोला का जायजा लिया गया। इस दौरान मामला कुछ और नजर आया। विद्यालयों में सबसे बड़ी समस्या मध्याह्न भोजन खाने के जगह की है। जहां नामांकित छात्रों को एक साथ खिलाने के मंसूबा सफल होता नहीं दिख रहा। प्रधानाध्यापक फातमा रेयाज ने बताया कि विद्यालय में 196 नामांकित छात्र हैं। जबकि, महज दो कमरे के इस विद्यालय का बरामदा छोटा होने से दो-तीन बार में ही छात्रों को खिलाया जा सकता है। इसके लिए वर्ष 18 में विभाग के आदेश पर खरीद की गई करीब साठ थाली उपलब्ध है। हालांकि विभाग के आदेश पर शेष बचे छात्रों की संख्या के अनुरूप थाली की खरीद के लिए भेजा गया था। परंतु 120 रुपये प्रति थाली की दर से विद्यालय को 7440 रुपये आवंटित हुए। जिससे 62 थाली की ही खरीद की जा सकती है। वहीं कई अन्य प्रधानाध्यापकों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि भले ही थाली खरीदने के लिए वेंडर द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। पर, थाली



की घटिया क्वालिटी होने से कोई लेने को तैयार नहीं है। बीईओ रामविजय यादव ने बताया कि जिले से ही वेंडर नियुक्त किया गया है। चयनित वेंडर को थाली विद्यालय तक ले जाकर पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।

## क्रिकेट: पकड़ीदयाल ने कोटवा को 55 रनों से हराया



चाणक्य भूमि। तुरकौलिया

प्रखंड अंतर्गत सेमरा टोला पशुरामपुर स्टेडियम में चल रहे नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरे दिन शुक्रवार को पकड़ीदयाल और कोटवा क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। उद्घाटन हरसिद्धि के पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार राम, जिप प्रतिनिधि समाजसेवी हेमंत किशोर वर्मा व ओलहा मुखिया भागीरथ प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। टॉस जीतकर पकड़ीदयाल ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। जहां 20 ओवर के खेल में 16.1 ओवर खेलते हुए पकड़ीदयाल ने 204 रनों का स्कोर खड़ा किया। जबाव में खेलने उतरी कोटवा की टीम 14.1 ओवर में मात्र 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब कुंजन कुमार को दिया गया। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, सचिव मो. अज्जम आरिफ, कोषाध्यक्ष नौशाद आलम आदि उपस्थित थे।

## फुटबॉल: स्पोर्ट्स क्लब को हराकर आदर्श क्लब ने बनाई फाइनल में जगह

### ए डिवीजन में आज खेला जाएगा दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला

चाणक्य भूमि। मोतिहारी

स्पोर्ट्स क्लब, मोतिहारी में सरदार अमृत सिंह बिक्की मेमोरियल ट्रॉफी के लिए खेली जा रही जिला फुटबॉल लीग में शुक्रवार को ए डिवीजन का पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें आदर्श क्लब कल्याणपुर ने स्पोर्ट्स क्लब बी, मोतिहारी को 5-3 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। फाइनल मुकाबला 11 फरवरी को खेला जाएगा। मेहसी व अरेराज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता से कल्याणपुर की टीम फाइनल में भिड़ेगी। खेल के 10 वें मिनट पर स्पोर्ट्स क्लब के जर्सी नंबर 12 रोहित राज ने 1-0 की बढ़त ली। फिर खेल के 31 मिनट पर जर्सी नंबर 8 इरफान



आलम ने गोल कर कल्याणपुर को एक-एक की बराबरी पर ला दिया। यह स्कोर मध्यांतर तक कायम रहा। मध्यांतर के बाद कोई टीम गोल नहीं कर सकी। इस प्रकार रेफरी ने टाई ब्रेकर का सहारा लिया। टाई ब्रेकर में कल्याणपुर 4-2 से जीत दर्ज कर फाइनल स्कोर 5-3 से मैच जीत कर फाइनल मे जगह बना ली। खेल के 34 मिनट पर कल्याणपुर के जर्सी नंबर 2 बादल कुमार को गलत खेलने के कारण रेफरी अजय उरांव ने पीला कार्ड दिखाया। बेस्ट 22 कल्याणपुर के गोलकीपर अभिषेक को प्रोफेसर जगदीश विद्रोही ने दिया। इस्ट चंपारण डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रभाकर जायसवाल ने बताया कि आज दूसरा सेमीफाइनल मैच अनुज स्टूडेंट क्लब, मेहसी व न्यू एलेवन स्टार अरेराज के बीच खेला जाएगा।



## बॉर्डर से भारी मात्रा में शराब जब्त

चाणक्य भूमि। बेतिया

पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने गुरुवार को संध्या गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर घोड़ासन कैनल बॉर्डर से भारी मात्रा में शराब को जप्त किया है। इधर अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहें। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया 221.3 लीटर शराब को जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। छापेमारी टीम में पुअनि सतीश कुमार पुअनि मुकेश कुमार मौजूद रहें।

## एंटी करप्शन ने यातायात के खिलाफ लिया संज्ञान,पत्रकारों को दिया अहम सूचना

### गाड़ी में बैठे बैठे यातायात पुलिस लोगों का काट रहे हैं चलान, बेवजह कर रहे हैं परेशान

चाणक्य भूमि। बेतिया

एंटी करप्शन इंटरनेशनल काउंसिल के बैठक में यातायात संबंधित समस्याओं को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें बिहार के स्टेट वॉइस अध्यक्ष नूरूल इस्लाम, बिहार डायरेक्टर अजय कुमार चौबे, बिहार के चीफ कोऑर्डिनेटर अमित कुमार गुप्ता एवं कई पदाधिकारी गण उपस्थित थे। जिसमें स्टेट वाइस चेयरमैन नूरूल इस्लाम ने बताया कि शहर में ट्रिपल लोडिंग एवं कई तरह के प्रेशर हरण से संबंधित रोक लगनी चाहिए। लोगों को बहुत समस्या हो रही है। वही स्टेट के डायरेक्टर अजय कुमार चौबे ने बताया कि यातायात के द्वारा मनमानी तरीके से चलान काटने पर रोक लगना चाहिए। हाल फिलहाल में गलत तरीके से यातायात पुलिस के द्वारा चलान कटा गया जिसका सीसीटीवी फुटेज वीडियो हमारे पास उपलब्ध है। वही स्टेट चीफ कोऑर्डिनेटर अमित कुमार गुप्ता ने विस्तार से बताया कि कैसे यातायात सुविधा सही हो। रोड किनारे रखरखाव करने वाले सामान से लेकर हर चीज में स्टेशन रोड संबंधित सभी जगहों पर रोकथाम होना चाहिए। जो लोग नियम का पालन नहीं करते हैं। वैसे लोगों पर नियमसंगत कानूनी कार्रवाई होना चाहिए।और वैसे लोगों का चालान भी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि यातायात का यह नियम बिल्कुल गलत है की गाड़ी में बैठकर यातायात के पुलिस पदाधिकारी बैठे-बैठे चालान मनमाने तरीके से काट दे रहे हैं। जबकि पार्किंग एरिया, नॉन पार्किंग एरिया जिला प्रशासन के द्वारा घोषणा भी नही हुआ हैं। और बेवजह आम लोगों को यातायात के द्वारा प्रशान किया जा रहा है। यातायात विभाग द्वारा सूचना पट भी कही नही लगवाया गया हैं जिसका लोग पालन करें। बेतिया जिला मे बदलाव लाना है तो सबसे पहले बेवस्ता दुरुस्त करना होगा ताकि जनता को सहूलियत हो। और गुप्ता ने ये भी कहा कि यातायात विभाग आम अवाम की सुविधा के लिए है बनाई गई है वीडियो एवं चलान को देखने से यह स्पष्ट हो रहा रहा हैं कि बेतिया यातायात द्वारा सिर्फ चलान किसी तरह से काटकर अपना विषेश टारगेट पूरा किया जा रहा हैं।

## प्रखंड सभागार में हुआ अंचलाधिकारी का बिदाई समारोह

चाणक्य भूमि। बेतिया

लौरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में राजस्व अधिकारी शशिरंजन कुमार के स्थानांतरण होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरीय उप समाहर्ता सह बीडीओ व सीओ एस प्रतीक द्वारा किया गया। विदाई समारोह में श्री प्रतीक ने कहा की सरकारी नौकरी में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी अधिकारी व कर्मचारी का कार्यकाल का कार्य करने का तरीका व आम जनता के प्रति व्यवहार को ही लोग याद करते हैं। कई अधीनस्थ कर्मचारियों ने सीओ शशिरंजन कुमार के कार्य में हुए कार्यों की सभी ने प्रशंसा की। वहीं लौरिया अवर निबंधन अधिकारी केशव राज ने भी समारोह में कहा की राजस्व अधिकारी शशिरंजन कुमार अपने कार्य व दायित्व का ससमय निर्वहन करते रहे हैं। वहीं अधिकारी द्वारा अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी व राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं राजस्व अधिकारी शशिरंजन कुमार ने बताया की लौरिया में उन्हें भरपूर प्यार व सम्मान मिला।

## चिरैया पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**चिरैया**। अपराध और शराब कारोबारियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को चिरैया पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने कटकुइया गांव में छापेमारी कर कृष्ण नंदन यादव के पुत्र सुधीर कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर शराब चुलाने और बिक्री करने सहित कई मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरी ओर बारा जयराम गांव में छापेमारी कर पुलिस द्वारा गब्बर सिंह के पुत्र रोहित कुमार को पकड़ा गया है। उस पर चाकूबाजी सहित मारपीट और लूटपाट के मामले दर्ज है। पुलिस महीनों से दोनों को तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद पकड़े गए दोनों बदमाशों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## रसोइया संघ का धरना-प्रदर्शन आज

**मोतिहारी**। बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ आज प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन 13 सूत्री मांगों के समर्थन में होगा। यह जानकारी जिला सचिव दिनेश प्रसाद कुशवाहा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन की कड़ी में जुलूस भी निकाली जाएगी। जुलूस बांग्ला मध्य विद्यालय परीसर से चलकर डीईओ कार्यालय पहुंचकर धरना में बदल जाएगी।

# एमडीए अभियान की सफलता में नर्सिंग की छात्र-छात्राएं देंगी अपना योगदान, 10 फ़रवरी से राज्य के 24 जिलों में खिलाएगी जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

**• नर्सिंग की छात्र-छात्राएं आशा दीदी के साथ घर-घर जाकर दवा खिलाने में करेंगे सहयोग**

**चाणक्य भूमि | पटना**

फाइलेरिया काफी गंभीर व घातक बीमारी है। बेशक, इस बीमारी से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं होती है। पर उनकी जिंदगी की चुनौतियाँ कई गुना बढ़ जाती है। कल्पना कीजिए कोई बच्चे, जवान और महिलाओं के पैर में पांच से दस किलो का वजन रहेगा। उस वजन के साथ उसे चलने या सीढ़ी चढ़ने तथा अन्य प्रकार के काम में क्या-क्या परेशानियों होती होगी। उनका ये कष्ट बयां नहीं किया जा सकता है। ये बातें शुक्रवार को श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन आयोजित कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ के स्टेट को-आर्डिनेटर (एनटीडी) डॉ.राजेश पांडेय ने कही। बिहार के सभी 38 जिलों में फाइलेरिया बीमारी का है प्रसारः डॉ. पांडेय ने कहा कि बिहार में 38 जिले हैं। जिनकी कुल आबादी लगभग 13 से 14 करोड़ होगी। बिहार के सभी जिलों में फाइलेरिया बीमारी का प्रसार है। इस प्रसार को रोकने के लिए सरकार प्रतिवर्ष सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाती है। ताकि हमारे राज्य से फाइलेरिया बीमारी का उन्मूलन हो सके। इसी मुहिम की सफलता के लिए 10 फरवरी से राज्य के 24 जिलों में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की शुरुआत हो रही है। जो अगले 17 दिनों तक चलेगा। तीन वर्ग के लोगों को नहीं खिलानी है दवाः डॉ. राजेश पांडेय ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान दो वर्ष से कम उम्र, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति कहने का तात्पर्य यह हुआ कि जो व्यक्ति एक दम बेड पर पड़ा है। वैसे व्यक्ति को ये दवा नहीं खिलायी जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य के दस जिलों में आईडीए और 14 जिलों में एमडीए अभियान चलाया जाएगा। जिन जिलों में आईडीए अभियान चलाया जाएगा। वहीं तीन दवाएं खिलायी जाएगी। जिसमें आईबरमेक्टीन, डीईसी और अल्बेंडाजोल शामिल है। और जहां एमडीए अभियान है, वहां लोगों को दो दवाएं डीईसी और अल्बेंडाजोल खिलायी जाएगी। ये बातें याद रखनी है कि अल्बेंडाजोल की गोली सभी को चबाकर खानी है। साथ ही खाली पेट दवा नहीं खानी है। नर्सिंग की छात्र—छात्राएं फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने में निभाएंगे सहायक भूमिकाःडॉ. पांडेय ने कहा कि यह अपने-आप में काफी गर्व की बात है कि बिहार से फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लिए नर्सिंग की छात्र-छात्राएं ने स्वयं आगे आकर सर्वजन दवा सेवन अभियान में सकारात्मक भूमिका निभा रहें हैं। यह इस अभियान की सफलता में एक



अहम कड़ी साबित होगा। ये छात्र-छात्राएं अपने जिले के प्रखंड के गांव-गांव जाकर आशा दीदी के साथ स्वस्थ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के निदेशक अभय कुमार सिंह ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान नर्सिंग की छात्र-छात्राएं लोगों को घर-घर जाकर दवा का सेवन सुनिश्चित कराएंगे। सतह ही ये छात्र-छात्राएं समाज के वैसे लोगों को भी दवा सेवन कराने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएंगे, जो दवा खाने से इंकार कर देते हैं। इस मुहिम के दौरान वैसे लोगों विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यशाला में सीफार के प्रतिनिधि रंजीत कुमार, कॉलेज के प्राचार्या निकी कुमारी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बेतिया के लाल ने किया कमाल सीए फाउंडेशन की परीक्षा में प्रथम प्रयास में पायी सफलता



**चाणक्य भूमि | कनकलता बेतिया**

कमलनाथ नगर में संचालित एम .आलम कमर्स क्लासेस के छात्र पूर्वी चंपारण जिला के राम गढ़वा निवासी रवि रंजन ओझा का पुत्र शिवम ओझा ने सफलता हासिल की है । उन्होंने आई कॉम की परीक्षा 2023 में उतीर्ण किया और दिसंबर 2023 में सी ए फाउंडेशन की परीक्षा में अपने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की है । संस्था के संचालक मजहर आलम ने बताया कि मेहनत ही सफलता की कुंजी होती है । परिश्रम ही लक्ष्य तक ले जाने का माध्यम है । परिश्रम ही सकारात्मकता को दिशा देने वाला एक रास्ता है । उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान बेहतर एजुकेशन क्वालिटी के साथ साथ प्रति वर्ष अच्छा रिजल्ट बेतिया शहर में देते आ रहा है ।

## पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने 212 लीटर शराब किया जब्त- तस्कर फरार



**चाणक्य भूमि | मैनाटांड़**

मैनाटांड़ प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर थाना की पुलिस ने रात्री गश्ती के दौरान गुरुवार मध्य रात्रि को तिलंगही बहुआरवा बोर्डर से कुल 221 लीटर शराब जप्त की जिसमे 171 पीस नेपाली कस्तूरी और देशी चुलाई शराब थी। पुरुषोत्तमपुर अपर थाना अध्यक्ष सतीस कुमार ने बताया की तिलंगही बहुआरवा बोर्डर से कुल शराब 221 लीटर शराब जब्त किया गया है । जिसमें 171 पीस नेपाली कस्तूरी 300 ml है । हालाँकि तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठा कर फरार होने मे कामयाब हो गये । पुलिस द्वारा अज्ञात के विरुद्ध प्रथिमिकी दर्ज़ कर अग्रसर कारवाई की जा रही है। जाँच कि जा रही है।

# तीन दिनों के अंदर शस्त्रों के भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश

**चाणक्य भूमि | बेतिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को तीन दिन के भीतर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। भौतिक सत्यापन हेतु थानावार दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी दण्डाधिकारी 10:30 बजे पूर्वाहन से 5 बजे अपराहन तक संबंधित थाना पर उपस्थित रहकर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करेंगे। चाणक्य भूमि बेतिया। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह जिलाधिकारी पश्चिमी चम्पारण, बेतिया के आदेशानुसार आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष / स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न कराने के उदेश्य से इस जिले के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन अति आवश्यक है। नियमानुसार शस्त्र अनुज्ञप्ति का नवीकरण प्रत्येक तीन/पाँच वर्ष पर तथा शस्त्र का भौतिक सत्यापन प्रत्येक वर्ष कराना अनिवार्य है। उपरोक्त के निमित्त दिनांक 11.02.2024 से 13.02.2024 तक शस्त्रों के भौतिक सत्यापन हेतु थानावार दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी निर्धारित तिथियों को 10:30 बजे पूर्वाहन से 5 बजे अपराहन तक संबंधित थाना पर उपस्थित रहकर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कर अनुज्ञप्ति पर निरिक्षण की तिथि अंकित करेंगे। साथ ही उनके पास उपलब्ध कारतुस आदि की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्रतिदिन जिला शस्त्र शाखा, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। शस्त्र के सत्यापन की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करायी जा रही है। फिर भी इस सूचना की जानकारी प्राप्त नहीं कर सकने वाले को थानाध्यक्ष शस्त्र पंजी के अनुसार/थाना अन्तर्गत सभी अनुज्ञप्तिधारियों को चौकीदार / दफादार के माध्यम से लिखित सूचना भी तामिला करायेंगे ताकि सभी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचना मिल सके। तामिला सूचना प्राप्त करने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रायः ऐसा देखा गया है कि जिला अन्तर्गत मृत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के उतराधिकारियों द्वारा धारित शस्त्र को जमा नही किया जाता है। उनसे अपील की गई है कि ससमय शस्त्र सत्यापन कराएं। प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी अनुज्ञप्ति पुस्तिका पर चिपकाये गये फोटो से मिलान कर हीं उनके शस्त्र का भौतिक सत्यापन करेंगे। वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी, जिनकी अनुज्ञप्ति पूर्व में दूसरे थाना से निर्गत है, परन्तु वर्तमान में किसी अन्य थाना अन्तर्गत निवास करते हैं वैसे अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र अनुज्ञप्ति में अपने निवास स्थान का पता/थाना का सुधार करने हेतु 500 रुपये शुल्क चालान के माध्यम से जमा कर चालान की प्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं हाल का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आवेदन पत्र के साथ जिला शस्त्र शाखा में समर्पित करेंगे।

## मझौलिया में सीओ राजीव रंजन ने कामकाज संभाला, "राजस्व निरीक्षक करेंगे काम,अटर्नी नहीं"




**चाणक्य भूमि | बेतिया(कनकलता)**

शुक्रवार के दिन अंचल कार्यालय मझौलिया में सीओ राजीव रंजन ने योगदान किया और पुराने सीओ सुराजकांत से प्रभार लिया। दोनों अधिकारियों ने एक दूसरे को गुलदस्ता भेंट किया।नवागत सीओ ने कहा कि राजस्व कर्मचारियों को खुद काम करना पड़ेगा।अटर्नियो से काम नही लिया जायेगा।उन्होंने कहा कि योगदान के साथ ही कई लोगों ने शिकायत किया कियहां अटर्नियो से काम लिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि अंचल राजस्व से संबंधित कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी।कार्यालय आने जाने के समय का ख्याल रखते हुए अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन करें। वहीं शिष्टाचार एवं अनुशासन का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी राधेश्याम यादव रघुनाथ चौधरी अचल प्रधान लिपिक अभय कुमार रवि कुमार नाजिर अमित कुमार विकास कुमार समेत सभी आरटीपीएस कर्मी, अंचल कर्मी एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साल में एक बार दवा के सेवन से ही फाइलेरिया उन्मूलन संभव : डॉ आरके यादव

**• आज से जिले में सर्वजन दवा अभियान शुरू 41 लाख से ज्यादा की आबादी को खिलाई जाएगी दवा**

**• शुक्रवार को बीपीआरओ और मुखिया संघ का भी हुआ उन्मुखीकरण**




**चाणक्य भूमि | सीतामढ़ी**

आप स्वस्थ हैं, फिर भी आपके अंदर माइक्रोफाइलेरिया हो सकते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को सर्वजन दवा अभियान के तहत फाइलेरिया से बचाव की दवा खानी है। ये बातें जिला स्वास्थ्य समिति और सीफार (सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च) के सहयोग से आयोजित मीडिया कार्यशाला के दौरान जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ रविन्द्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से तीन दिनों तक स्कूलों में बूथ लगाकर और अगले 14 दिनों तक घर घर जाकर लोगों डीईसी तथा एल्बेंडाजोल की गोली को खिलाई जाएगी। पूरे जिले में 2359 स्कूलों तथा 3463 आंगनबाड़ी केंद्रों में बूथ लगाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। पूरे जिले के 41 लाख से ज्यादा की आबादी को सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत दवा खिलाई जाएगी। इस कार्य में कुल 1605 टीम तथा 3210 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर को कार्य पर लगाया गया है। वहीं इनकी मॉनिटरिंग के लिए 159 सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं। दवाओं की आपूर्ति कर दी गयी है। कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया मरीज व वॉलिंटियर रानी ने स्वयं के द्वारा फाइलेरिया में की गयी असावधानी न दुहराने की अपील की। उन्मुखीकरण के दौरान सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र लाल ने बताया कि अभियान के तहत दी जाने वाली दवाओं को खाली पेट नहीं खानी है। वहीं इसे दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती स्त्री और गंभीर रोग से ग्रसित लोगों को यह दवा नहीं खिलानी है। वहीं जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह ने मीडिया से सामाजिक सरोकार व फाइलेरिया मुक्त जिला के लिए इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ यादव ने बताया कि अभियान के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारी की गई है। पीआरआई, एलटी, सीएचओ, स्कूल, एसडीआरएफ, आइसीडीएस, जीविका का उन्मुखीकरण व स्कूलों में फाइलेरिया उन्मूलन पर पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गयी। पिरामल के सोमनाथ ओझा ने बताया कि पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा शुक्रवार को बीपीआरओ तथा मुखिया संघ का फाइलेरिया पर उन्मुखीकरण किया गया। इसके अलावा 256 ग्राम सभा कर वहां के मुखिया को भी प्रशिक्षित किया गया। पीसीआई के डीएमसी विशाल कुमार ने बताया कि पीसीआई ने जागरूकता के हर स्तर पर अपना सहयोग किया है। जीविका सीएलएफ, वीओ, मुखिया, एनयूएलएम का उन्मुखीकरण, स्कूलों के चेतना सत्रों में छात्रों का फाइलेरिया के प्रति जागरूक, ग्राम सभा का आयोजन, पीडीएस डीलरों एवं अन्य स्तरों पर जागरुकता कार्यक्रम किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र लाल, डीपीआरओ कमल सिंह, डीपीएम अशित रंजन, पीरामल के सोमनाथ ओझा, अमित कुमार, पीसीआई के विशाल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## गन्ना लदा ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक चालककी मौत

**चाणक्य भूमि बगहा।**

छोटकी पट्टी गावं के पास गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रॉली की ठोकर से एक बाइक चालक की मौत हो गयी। टकरा गई। वहीं दूसरा सवार युवक बुरी तरह से घायल है। जिसका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में जारी है। दोनों युवक आपस में चचेरे भाई हैं। घटना शुक्रवार की शाम सात बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार भैरोगंज थाना क्षेत्र के भैरोगंज गांव निवासी कमलेश यादव का 18 वर्षीय पुत्र भोला यादव एवं उसके चचेरे भाई बिकाऊ यादव का 17 वर्षीय सिकंदर यादव एक बाइक पर सवार होकर बगहा आ रहे थे। इसी दौरान छोटकी पट्टी के पास ट्रैक्टर ट्राली से उनकी टक्कर हो गई। इस घटना में भोला यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

## 16 फरवरी को भारत बंद व हड़ताल का भाकपा माले करेगा समर्थन

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

मोदी शासन द्वारा जनता के हर तबके के अधिकारों, लोकतंत्र, संविधान और देश के संघीय ढांचे पर बढ़ते फासीवादी हमले के खिलाफ भाकपा-माले लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं. आगामी चुनाव में देश की जनता ऐसे फासीवादी शासन का निश्चित रूप से अंत करेगी। उक्त बातें भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा। उन्होंने कहा मोदी सरकार के जनविरोधी फैसलों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा और केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 16 फरवरी को हो रही औद्योगिक/सेक्टेरियल हड़ताल व ग्रामींण भारत बंद का भाकपा-माले सक्रिय समर्थन करता हैं. 16 फरवरी के कार्यक्रम के पहले संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड़ यूनियनों के आह्वान पर ग्रामीण बंद और हड़ताल की तैयारी को लेकर 11 फरवरी को बेतिया में संयुक्त किसान मजदूर कनवेंशन आयोजित की गई है ताकि इसे और मजबूती के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया जाए. भाकपा-माले भारत के किसानों-मजदूरों की इस संयुक्त पहल को ऐतिहासिक मानता हैं. यह भारत की राजनीति में किसानों-मजदूरों के एक सशक्त हस्तक्षेप है. उन्होंने कहा 16 और 17 फरवरी को हिट एंड रन मामले में ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन द्वारा आहूत चक्का जाम का भी वाम दल पूरी तरह से समर्थन करते हैं.

## डीटीओ ने वाहन जांच में सात ट्रकों को किया जब्त

**चानक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया**

परिवहन विभाग बेतिया ने जगदीशपुर में छापामारी कर वाहन जांच के दौरान सात ट्रक को जप्त किया ।डीटीओ ललन प्रसाद ने बताया ओवरलोड बालू,टैक्स, फिटनेस,प्रदुषण आदि की जांच की गई। इसके अभाव वाले सात ट्रक को जप्त किया गया है।थानाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने बताया कि जप्त वाहन से परिवहन विभाग के निर्देशानुसार कारवाई की जाएगी।सूत्रो के माने तो जगदीशपुर थाना क्षेत्र ऐसे कई जगह पर ओवरलोड ईट व बालू लदे ट्रेक्टर टेलर व ट्रक सड़क किनारे लगे रहते है।


















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714